## आज का विचार

साजिश रचने वाले बड़ी चतुराई और धन की ताकत से निर्दोष को भी दोषी करार देने में सफल हो जाते है तो दोषी को निर्दोष साबित करवाकर बचा भी लेते है।

(शिवकुमार त्रिवेदी चिंतन सरिता)

दैनिक लोकजीवन

### बदल दिया खून का सैंपल ...

पैसा भगवान तो नहीं लेकिन भगवान से भी कम नहीं की बात भले ही दशकों पुरानी हो गई लेकिन यह सदाबहार सच्चाई है क्योंकि पैसे में इतनी ताकत है कि जहां चाहे वहां राह बना लेता है फिर देश के हालात ऐसे हे कि जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग भी बिकने को तैयार रहते है। बस उनकी कीमत चुकाने वाला चाहिए। धन में ही तो वह शक्ति हे कि निर्दोष को दोषी और दोषी को निर्दोष साबित कर सकती है आज लाख दावे करते रहे। चश्मदीद गवाह ही बदल जाएगा खुद पीड़ित ही अपना बयान बदल देगा। जिसने सब कुछ देखा उसे नहीं देखने के ही तो पैसे मिलते है तब वह देखा बताकर क्या हासिल कर लेगा। यदि नहीं देखा तो मुंह मांगे दाम पहुंच जायेंगे। वैसे भी यह कम आश्चर्य की बात नहीं कि बालिग और नाबालिग में अदालतें भी 16 से 18 साल की अवधि को संशय की दृष्टि से देखती है। अदालतों का भी मानना हे कि यदि 14 वर्ष का बालक दुष्कर्म कर सकता है तो स्वाभाविक रूप से उसमें इतनी समझ थी तभी तो उसने अपराध किया। जब अपराध वयस्क के समान है तो सजा वयस्क के जैसी क्यों नहीं मिलनी चाहिए पुणे पोश काण्ड ने देश व दुनिया की आंखे खोल दी जिसका आरोप 17 वर्ष 8 माह की आयु का अर्थात महज 4 माह बाद वयस्क होने वाला है लेकिन किशोर बोर्ड ने उसे सजा देने में इतनी उदारता बरती कि दो जनों की जान लेने वाले किशोर को सजा के रूप में मात्र 300 शब्दों का निबंध लिखने और यातायात पुलिस को सहयोग करने का आदेश देकर वाहवाही लूटनी चाही। लेकिन पुणे शहर में घटना के विरोध में आंदोलन की नौबत आने पर अदालत पुलिस व प्रशासन ने कड़ाई बरतना शुरू किया। किशोर न्याय बोर्ड ने अपना आदेश वापस ले लिया।

यह सब इसलिए हो पा रहा है कि आरोपी बड़े बाप का बेटा है जिसने नाबालिग बेटे को चलाने के लिए दो करोड की कार भी दी तो शराब खोरी के लिए क्रेडिट कार्ड भी। पिता ही नहीं दादा तक अपने लाडले को बचाने के लिए ड्राईवर पर दबाव बना रहे तो पुलिसकर्मी तो वैसे ही मानो बिके हुए थे इसलिए हादसे की जानकारी उच्चाधिकारियों को नहीं दी। पुलिस आयुक्त ने दोनों पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने पर निलम्बित कर दिया। प्रकरण में बड़ा खुलासा हुआ है कि बिल्डर पिता ने सरकारी अस्पताल में बच्चे को बचाने की डील की। रिश्वत में तीन लाख रूपये में हुए सौदे के तहत सरकारी अस्पताल के दो डॉक्टरों ने नाबालिग आरोपी के ब्लड सेम्पल को कूडे में फेंक कर उसकी जगह अन्य किसी के सेंपल की रिपोर्ट लगा दी। इसी जांच पर निर्भर था कि आरोपी ने शराब पी रखी थी या नहीं। लेकिन डॉक्टरों ने हेराफेरी कर आरोपी को नॉन अल्कोहोलिक बताकर क्लीन चिट दे दी। पुलिस को शक हुआ तो आरोपी को बिना बताये दोबारा ब्लड सेंपल लेकर डीएनए जांच के लिए भेजा गया। दोनों डॉक्टरों के साथ बिचौलिएं को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसने आरोपी के पिता की डॉक्टर से फोन पर बात कराई थी अर्थात आरोपी के अस्पताल पहुंचने से पहले ही सेंपल फेल कराने की साजिश रची जा चुकी थी। आज आवश्यकता इस बात की है कि ईमान बेचकर रिपोर्ट बदलने जैसे अपराध करने वाले डॉक्टरों पर निगरानी के साथ ही पुणे प्रकरण की तरह दो-दो प्रयोगशालाओं में अलग-अलग जांच कराई जाय ताकि असलियत पर पर्दा नहीं डाला जा सके।

## कड़वी घूंट -सूरज

### प्रतिद्वन्द्वी दुश्मन नहीं है ...

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी एक-दूसरे से आगे निकलने की होड में ऐडी चोटी का जोर लगा देते है कि कोई अन्य प्रतिभागी आगे नहीं निकल जाय या खुद पर ही ध्यान केन्द्रित रखते है ताकि अपना लक्ष्य साधा जा सके। ऐसे में यह नहीं देखा जाता कि दूसरा प्रतिद्वन्दी कहां तक पहुंचा या कितना आगे पीछे है केवल खुद का ही ध्यान होता है कि लक्ष्य से कितना फासला रह गया जिसे तय करना है।

विपरित इसके प्रतिद्वन्दी और दुश्मन में बहुत अन्तर होता है। दुश्मन को कोई फूटी आंख भी नहीं देखना चाहता। यदि वश चले तो अहित करने से भी नहीं चूके। लेकिन प्रतिद्वन्दी के साथ ऐसा नहीं होता। खासकर चुनाव में सभी उम्मीदवार जीतने की कोशिश करते है। लेकिन एक दूसरे के बीच सामान्य व्यवहार भी बना रहता है मर्यादा में रहकर ही अपना पक्ष रखते है।

इस क्रम में कभी कभार चुनाव में मर्यादा के उल्लंघन पर कटुता भी आ सकती है तभी तो सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी विज्ञापन के सम्बंध में भाजपा की याचिका पर विचार से इंकार कर दिया। जस्टिस विश्नाथ ने कहा कि हमने विज्ञापन देखे प्रथम दृष्ट्या ये अपमान जनक है। आप कह सकते है कि आप सर्वश्रेष्ठ है लेकिन हम और अधिक कटुता बढ़ाने में खुद को भागीदार नहीं बनाना चाहते। कोर्ट ने कहा कि यह मतदाता के हित में नहीं है। आपका प्रतिद्वन्दी आपका दुश्मन नहीं है। अब यह आप जानो कि कोर्ट की भावना के अनुरूप याचिका वापस ले ली गई। लेकिन यह सभी को मानना चाहिए कि विरोधी दुश्मन नहीं हे। कल वह भी आपके साथ आ सकता है या आप उसके साथ ।

# तीन माह से बड़ला में खराब पड़ा हैंण्डपम्प, दर-दर भटक रहे ग्रामीण

**लोकजीवन न्यूज सर्विस, सवाईपुर**



कस्बे के निकटवर्ती बड़ला ग्राम पंचायत मुख्यालय पर भीषण गर्मी में ग्रामीण को पेयजल के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है क्योंकि तीन माह से हैंडपंप खराब पड़ा है, वही चंबल पेयजल आपूर्ति बाधित होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रह है।

ग्रामीण बद्रीलाल तेली ने बताया कि बड़ला के गौरव पथ पर पीएचडी की टंकी पर पिछले 8 दिन से पानी नहीं आ रहा, जिसे ग्रामीणों की मदद से पाइप लाइन में लगे वॉल को दुरुस्त करवाकर मंगलवार रात्रि को सुचारू करवाया। वही हालात विद्यालय मैदान में हैंडपंप सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लगे हेडपंप 3 माह से खराब पड़े हैं । पीएचडी के अधिकारी, हैंड पंप मिस्त्री से संपर्क करने के बाद भी हैंड पंप को ठीक नहीं किया गया । यही हालत अन्य हैंडपंपों की जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की उदासीनता, लापरवाही से ग्रामीणों को पीने के पानी की भयंकर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दे रहा है, गौरव पथ तालाब खेड़ा में चंबल परियोजना की लाइन एक साइड में डाली गई है, उसमें भी 3 माह से पानी नहीं आ रहा है, वह एक साइड में चंबल परियोजना के अधिकारियों ने पाइपलाइन ही नहीं डाली। ग्रामीणों ने शीघ्र पेयजल व्यवस्था सुचारू करवाये जाने की मांग की।

## स्पिक मैके पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 4 छात्रों ने लिया भाग



**लोकजीवन न्यूज सर्विस, गुलाबपुरा**

विवेकानन्द केन्द्र विद्यालय के 4 छात्रों ने आईआईटी मद्रास के तत्वधान में स्पिक मैके के 9वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया। कार्यक्रम भारतीय संस्कृति और कला को युवाओं के साथ जोड़ने के लिए आयोजित किया गया। एक सप्ताह तक चलने वाले इस कार्यक्रम में पूरे देश के 1300 छात्र छात्रा ने भाग लिया। विद्यालय की प्रचार्या आशा गोयल ने बताया कि 7 दिवस के कार्यक्रम में छात्रों लवीत्र दाधीच, संभव गदिया, सक्षम कुमावत, यशपाल चौधरी ने आगरा घराने के प्रसिद्ध गायक उस्ताद राजा मिया के मार्ग दर्शन में राग भैरव सीखा एवं स्कूल के संगीत शिक्षक नीरज तिवारी ने राजा मिया के साथ कुशल तबला संगत दी । छात्रों ने विविध कला व सांस्कृतिक आदान-प्रदान में भाग लिया।

## भजन संध्या 31 को

**सवाईपुर।** कस्बे के निकटवर्ती सोपुरा जाटों का गांव में एक शाम श्री बगेड़ा देवनारायण भगवान के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन 31 मई को किया जाएगा। आयोजक कर्ता सांवरमल जाट ने बताया कि सोपुरा गांव में न्यू वीर तेजा म्यूजिकल ग्रुप के बैनर तले एक शाम श्री बगेड़ा देवनारायण भगवान के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन 31 मई को किया जाएगा, जिसमें भजन गायिका प्रिया राजस्थानी व बालकिशन चौधरी भजनों की प्रस्तुतियां देंगे।

### अब ऐसे हालात नहीं ...

खुशहाली से मिलकर जीलें अब ऐसे हालात नहीं
आसमान को तकते आए पर देखों बरसात नहीं।
कड़ी धूप है आंधी अंधड़ सन्नाटा है गांवों में
दिल का दर्द सीम को लाघे बे–काबू जज्बात नहीं।
ओ गम सहने वाले इन्सां मायूसी क्यूं चेहरे पर
जिसके बाद सवेरा ना हो, ऐसी कोई रात नहीं।
आशा ही जीवन अमृत है और निराशा मृत्यु है।
सद्‌कर्मों पर जहां भरोसा, वहां कोई आघात नहीं।

'रतन कुमार 'चटुल'

## कारागृह में भेंट किया वाटर कूलर



**लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा**

दस्तक संस्था की प्रेरणा से शहर में जिला कारागार में स्व. उमा देवी पत्नी सूर्यप्रकाश मानसिंहका की पुण्य स्मृति में दस्तक संस्था की प्रेरणा से सूर्यप्रकाश मानसिंहका द्वारा जिला कारागृह अधीक्षक भेरू सिंह भीलवाड़ा को वाटर कूलर प्रदान किया । दस्तक संस्था के एडवोकेट कुणाल ओझा का कहना है कि भीषण गर्मी में शहर वासियो को राहत देने के लिए दस्तक संस्था द्वारा दान दाताओं को प्रेरित कर कारगृह अधिक्षक भैरू सिंह को वाटर कुलर भेंट किया। इस अवसर पर सब इंस्पेक्टर स्वीट स्टेला , सूर्य प्रकाश मानसिंहका , मधुर मानसिहका ,एडवोकेट धर्मवीर सिंह कानावत, नवर% जैन,सी ए मानवेन्द्र कुमावत, पंकज जैन ,शरद शुक्ला, रोशन सालवी, नरेन्द्र गुर्जर, धर्मेंद्र तिवारी, दिपक जाट, भगवती आचार्य, रवि ओझा, मनोज शर्मा, अनिल धाकड़, सत्यवीर सिंह साकरिया ,भारत खटीक, अजय सुवालका, प्रवीण मीना, आदि उपस्थित रहे।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने की नालों की मरम्मत एवं सफाई की मांग

**लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा**

जिला कॉंग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने जिला कलक्टर को पत्र लिखकर मानसून से पहले शहर एवं जिले भर के बरसाती नालों की सफाई एवं मरम्मत की मांग की। त्रिपाठी ने पत्र में पांडु के नाले , शास्त्री नगर के नाले , नेहरू गार्डन के सामने तथा रोडवेज बस स्टेण्ड वाले नाले की सफाई एवं मरम्मत की मांग करते हुए पिछले वर्ष सरस्वती सर्कल राजेन्द्र मार्ग स्कूल के पास के नाले तथा नेहरू रोड़ नाले के पास हुए हादसे की जानकारी दी। शहर के कई नालों की दीवारें बनी ही नहीं है और कुछ की टूटी हुई है। इन नालों की दीवारों को बनाये जाने की मांग भी जिला कलक्टर से की गयी।


**RANJAN POLYSTERS LIMITED**

Regd. Office: 11-12th K.M Stone, Chittorgarh Road, Guwardi, Bhilwara- 311001 (Rajasthan).
CIN: L24302RJ1990PLC005560
Website: www.ranjanpolysters.com, Email: ranjanpoly@gmail.com

**EXTRACT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31STMARCH, 2024**

(Rs. in Lacs)

| Sr. No. | Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2024 | 31.12.2023 | 31.03.2023 | 31.03.2024 | 31.03.2023 |
| 1. | Total Income from Operations (Net) | 2445.71 | 2195.34 | 2250.64 | 9341.07 | 8433.65 |
| 2. | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 232.89 | 198.68 | 176.40 | 786.72 | 398.93 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period before Tax(after Exceptional and/or Extraordinary items) | 232.89 | 198.68 | 176.40 | 786.72 | 398.93 |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the period after Tax(after Exceptional and/or Extraordinary items) | 166.79 | 143.14 | 132.52 | 570.50 | 284.19 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 162.70 | 142.32 | 130.23 | 563.94 | 280.90 |
| 6. | Equity Share Capital (Face Value Rs. 10/- each) | 300.09 | 300.09 | 300.09 | 300.09 | 300.09 |
| 7. | Reserve excluding Revaluation Reserve | | | | 1608.97 | 1051.97 |
| 8. | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)- | | | | | |
| | 1.Basic | 5.56 | 4.77 | 4.41 | 19.01 | 9.47 |
| | 2. Diluted | 5.56 | 4.77 | 4.41 | 19.01 | 9.47 |

**Note:-**

1. 1.The above financial results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at their respective meeting held on 28th May, 2024. The statutory Auditors have audited the results for the quarter and year ended March 31,2024.
2. The Financial Statement of the Company have been prepared in accordance with Indian Accounting Standards (Ind AS) notified under the Companies (Indian Accounting Standards) Rules,2015 as amended by the Companies (Indian Accounting Standards) Amendment Rules, 2016, prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013, and other recognized accounting practices and Policies to the extent applicable.
3. The above is an extract of the detailed format of Audited Financial Results for the Quarter and Year ended 31.03.2024 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Stock Exchange website, www.msei.in and on the company's website, www.ranjanpolysters.com.
4. The figures of the previous period/year have been regrouped/recast wherever considered necessary.
5. The company's business activities constitute a single operating segment (textiles), in terms of Indian Accounting Standard – 108
6. The figures of the quarter ended 31stMarch, 2024 and 31stMarch, 2023 are the balancing figures between the audited figures in respect to the full financial year and published year to date figures of the third quarter of the respective financial year

**By the order of the Board**
**For: Ranjan Polysters Limited**
**S/d**
**Mahesh Kumar Bhimsariya**
**Managing Director, DIN No. 00131930**

Date: 28th May, 2024
Place: Bhilwara